




## जल गंगा संवर्धन : बावड़ियों का निरीक्षण, संरक्षण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम रायपुरा एवं बर्धाबुजुर्ग की प्राचीन बावडियों का अवलोकन किया गया तथा एतिहासिक महत्व की इन बावडियों सहित जिले की अन्य बावड़ियों के संरक्षण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, उपयंत्री आदि मौजूद रहें।

कलेक्टर ने बावडियों के अवलोकन के दौरान कहा कि प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण अभियान के तहत किया जाये और बावडियों की साफ-सफई कर उन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि बावडियों पर साफ-सफाई के साथ ही बावडी की एतिहासिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी के बोर्ड लगाये जायें, जिससे आमजन को इन बावडियों की प्राचीनता और एतिहासिक स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध हो।

कलेक्टर ने रायपुरा स्थित बावडी का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि बावडी की साफ-सफाई सतत् रूप से जारी रहें तथा लोगों को जल संरचनाओं को स्वच्छ रखने के लिए पंचायत के माध्यम से प्रेरित करने का कार्य किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम बर्धाबुजुर्ग स्थित प्राचीन बावडी का भी निरीक्षण किया तथा बावड़ी की साफ-सफाई के निर्देश स्थानीय अमले को दिये गये।

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में बावडी निर्माण जल स्त्रोत के रूप में प्राचीन काल से ही होता रहा है, वर्तमान में जो बावडियां जिले में विद्यमान है, वे छटवी-सातवी सदी से लेकर 18वी सदी के मध्य निर्मित हुई है, इनमें से अधिकांश बावडियां 16वी-17वी सदी की है। वास्तु प्रकार के आधार पर देखे तो श्योपुर की अधिकांश बावडियां नंदा बावडियों की श्रेणी में आती है, इनमें आवागमन एक ही रास्ते से होता है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायपुरा एवं बर्धा बुजुर्ग सहित अन्य बावडियों को निखारने का कार्य सतत् रूप से जारी रखने के निर्देश प्रदान किये गये है, श्योपुर पाली रोड पर ग्राम रायपुरा में गोड राजा इंदर सिंह के दीवान शिवनाथ जी कायस्थ गोड ने सन् 1734 में एक बावडी का निर्माण करवाया था, शिलालेख के अनुसार उन्होने अपने नाम पर गांव शिवनाथपुर बसाया, जो अब रायपुरा कहलाता है।

इसी प्रकार श्योपुर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम बर्धा बुजुर्ग में भी एक बावड़ी का निर्माण श्योपुर के गौड राजाओं के शासनकाल में करवाया गया था। इस बावड़ी को भी जीर्णोद्धार कर संवारने का कार्य सतत् रूप से जारी रखने जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### नेशनल लोक अदालत हेतु बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता के मार्गदर्शन में बैंक के अधिकारीगण व संबंधित अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित बैंक के अधिकारीगण व संबंधित अधिवक्तागण को नेशनल लोक अदालत में बैंक के द्वारा प्रदाय छूट के संबंध में आमजन को जागरूक किये जाने एवं उक्त नेशनल लोक अदालत के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया।

## वृक्ष पूजन के साथ दिलाई जल संरक्षण की शपथ




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

नवांकुर संस्था अजलान सेवा समिति द्वारा ग्राम गुरनावादा में आयोजित सेक्टर बैठक के दौरान जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परंपरागत जल स्रोतों जैसे बावड़ी, कुएं एवं तालाबों के संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा ग्रामीणों से अपील की कि वे वर्षा जल संचयन एवं जल के समुचित उपयोग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं गुरुनावदा समिति के सहयोग से परंपरागत जल स्रोत बावड़ी का विधि-विधान से पूजन किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए वृक्ष पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में अजलान सेवा समिति का अध्यक्ष राजा खान, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष देशराज गुर्जर, सचिव विनोद प्रजापति, सदस्य बलराम जाटव, आनंद जाट, ग्रामीणजन, समिति सदस्य एवं जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।




### दर्जनभर से अधिक ग्रामों में प्याऊ की स्थापना

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूहों द्वारा दर्जनभर से अधिक ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शीतल पेयजल की उपलब्धता के लिए आजीविका दीदी प्याऊ की स्थापना की गई है। डीपीएम एनआरएलएम सोहन कृष्ण मुदगल ने बताया है कि ग्राम बरगवा, हीरापुर, हासिलपुर खुर्द, चादुपुर बलावनी, रघुनाथपुर, वीरपुर, प्रेमसर, गोरस, कराहल बस स्टैण्ड सहित अन्य ग्रामों में शीतल पेयजल के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया है।



### गेहूँ उपार्जन केंद्र का शुभारंभ

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था मर्या. विजयपुर द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष परीक्षित धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल, कैलाश सिरोठिया, भरत लाल गर्ग, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज खजाँची, राजेश गोयल, भूपेंद्र धाकड़, विकास समाधिया सहित किसान बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पहुंचे किसानों का अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2625 रूपये प्रति क्विंटल के मान से किसानों से गेहूं की खरीद की जा रही है। जिले में 33 उपार्जन केन्द्र बनाये गये है।



### जैनी में आयुष आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** आयुष विभाग द्वारा ग्राम जैनी के आंगनबाड़ी केन्द्र बी पर आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीपी वर्मा ने बताया कि शिविर में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी दी व बाल मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक गतिविधिया कि जानकारी दी गई एवं स्क्रीन टाइम को न्यूनतम करने में अभिभावकों को बताया गया। साथ ही गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण परामर्श दिया गया एवं दिनचर्या एवं ऋतुचर्या कि जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में डा. रघुवीर सिंह मीणा, बीरसिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती निर्मला गोतम, श्रीमती नीतू जाटव आदि उपस्थित रहें।



### बिना नंबर वाहनों पर सख्ती से करें कार्यवाही : एसपी

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** यातायात पुलिस श्योपुर, सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक श्योपुर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा दुर्घटना उपरांत वाहनों की त्वरित पतारसी हेतु जिले में बिना नंबर के वाहनों पर सखती से कार्रवाई करने एवं उन पर रजिस्ट्रेशन नंबर मौके पर ही अंकित करवाये जाने के संबंध में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को प्रदाय किए गए हैं। इसी तारतम्य में आज यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत के द्वारा हमराही यातायात टीम के साथ बिना नंबर के 60 ट्रैक्टरों एवं 12 डंपरों पर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवाए गए। यातायात पुलिस की जिले के समस्त वाहन चालकों से अपील है कि वह अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करवाए।

**60 ट्रैक्टर 12 डंपरों पर रजिस्ट्रेशन नंबर किये अंकित**

### आज पाली रोड एवं सलापुरा फीडर की बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 33 केव्ही पाली फीडर पर मेंटीनेंस कार्य के चलते पाली रोड एवं सलापुरा सब स्टेशन से 18 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक विद्युत की आपूर्ति बंद रहेगी।

प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने जानकारी दी कि इसके चलते वार्ड नंबर 14,15, फक्कड़ चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी, बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, गांधीगर, खरंजा रोड, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी, चंबल कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने, जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, महाराणा प्रताप नगर, नागदा रोड, मजिस्द के पीछे, चिंताहरण मंदिर के पीछे, कैनरा बैंक गली, मधुवन नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे फाटक, एससीआई गोदाम एरिया में 18 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।




## चौंड़पुर तालाब गहरीकरण से बढ़ेगी 20 हजार घनमीटर पानी की क्षमता

### कलेक्टर ने किया अवलोकन, पूर्व में स्थापित रिचार्ज शाफ्ट का कार्य भी देखा

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम चौंडपुर में तालाब गहरीकरण तथा सौन्दर्यकरण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के एक छोर पर पिछले अभियान के तहत बनाये गये रिचार्ज शाफ्ट के कार्य को भी देखा तथा जिले में अन्य स्थानों पर संचालित रिचार्ज शाफ्ट कार्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत विक्रम जाट सहित अन्य अधिकारी एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा, ग्राम सरपंच आदि मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि चौंडपुर में तालाब का गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिससे 20 हजार घन मीटर पानी की क्षमता और बढेगी। तालाब के एक छोर पर 1 लाख 75 हजार की लागत से गत अभियान के तहत रिचार्ज शाफ्ट का कार्य भी कराया गया है, यह रिचार्ज शाफ्ट जल स्तर को तेजी से बढाने में कारगर साबित हुए है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि तालाब गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यकरण का कार्य किया जायें और तालाब की पाल पर पौधरोपण कराया जायें। तालाब पर स्थित घाट को रंग-रोगन कर आकर्षक बनाया जायें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यो के दौरान तालाबों का सौन्दर्यकरण करते हुए उन्हें ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायें। इस दौरान उन्होंने ग्राम चौंडपुर स्थित प्राचीन बावडी का अवलोकन कर जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु जीर्णोद्धार कराये जाने के निर्देश भी दिये।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने जानकारी दी कि जिले में गत वर्ष आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 85 स्थानों पर रिचार्ज शाफ्ट के कार्य कराये गये थे, जोकि जलस्तर बढ़ाने में कारगर साबित हुए है। रिचार्ज शाफ्ट के संबंध में बताया कि गर्मियों में पानी सूखने पर तालाबो में 100 फीट की गहराई तक बोर कराया जाता है तथा ऊपर डाया बनाकर पत्थर, बोल्डर आदि डाले जाते है, जिससे बारिश में तालाब भरने पर पानी जमीन के अंदर तक चला जाता है। इस तकनीक में बोर की गहराई मौके पर स्थित सतह के आधार पर की जाती है, जिससे पानी पथरीली सतह को पार कर बीच में पहुंच जाता है। इससे तेजी से जल स्तर में वृद्धि होती है।

## यह सफलता की शुरूआत, इसे आगे भी बरकरार रखें : डीएम

### बोर्ड परीक्षाओं में जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफ्लता की शुरूआत है। इसे आगे भी बरकरार रखें तथा अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन कर कैरियर बनायें। उन्होंने कहा कि अनुशासन का कोई विकल्प नही है और अनुशासन से ही हम अपना लक्ष्य केन्द्रित कर मंजिल पा सकते है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कक्षा 10 एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय मैरिट सूची में आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित कर रहीं थी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा सहित अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र तथा कलम, डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढाई के दौरान अपने सक्सेसफुल को बनाये रखें। सक्सेस को अपने ऊपर हावी न होने दें, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें तथा अपनी रूचि के अनुसार कैरियर का चयन करें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के मार्गदर्शन के लिए विषय चयन हेतु कैरियर काउंसलिंग आयोजित की जायें।

उन्होने कहा कि हमारे जिले के बच्चों ने साबित किया है कि वे किसी से कम नही है। अपने परिवार का मान बढ़ाने वाले इन बच्चों ने जिलें का गौरव बढ़ाते हुए हमे गौरान्वित किया है। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि जिले के प्रतिभावान बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं तथा उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी हो, तो वह जिला प्रशासन से संपर्क कर सकता है, उसकी हर संभव मदद की जायेगी।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने कहा कि अपनी लगन, मेहनत और प्रतिभा से जिलें का नाम रोशन किया और हम सभी को गौरान्वित किया, इसके लिए सभी बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई। उन्होंने कहा कि पढाई के दौरान अपने आप को अपडेट रखे तथा आगे कम्पटीशन एग्जाम के लिए पूर्ण तैयारी कर सफलता प्राप्त करें।

जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने बताया कि श्योपुर जिले में 12वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 80.06 प्रतिशत तथा 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71.37 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर चंबल संभाग में श्योपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12 वीं में शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम, संपूर्ण ग्वालियर चम्बल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 10वीं बोर्ड में जिला द्वितीय स्थान प्राप्त रहा।

इस अवसर पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय मॉडल उमावि विजयपुर के छात्र अमित कुशवाह तथा 12वी बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय अंबिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर की छात्रा संजना धाकड़ सहित हाईस्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए तन्वी सप्रा एवं कार्तिक बंसल, द्वितीय स्थान के लिए पूनम नागर, यशस्वी महाजन, विष्णु रावत एवं खुशी रावत, तृतीय स्थान के लिए प्रियंका शर्मा, हर्षा पलिया, भारती मंगल एवं सौरभ राठौर तथा हायर सैकेण्डरी परीक्षा की संकाय वार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह से प्रथम स्थान के लिए श्रीति बंसल, द्वितीय स्थान के लिए मोहिनी जादौन, विज्ञान समूह में प्रथम स्थान के लिए कुशाग्र मित्तल, द्वितीय स्थान के लिए रिषभ बंसल, गणित समूह में तृतीय स्थान के लिए विनायक गोयल एवं तानिया मंगल, वाणिज्य समूह में प्रथम स्थान के लिए तनीशा जाट, द्वितीय स्थान के लिए जाग्रती मंगल तथा कृषि समूह में प्रथम स्थान के लिए कृष्णा राठोर एवं ज्योति माली को सम्मानित किया गया।




### खितरपाल मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली पल्टी, चार की मौत, कई धायल

**विजयपुर, 17 अप्रैल।** विजयपुर से तीन किलोमीटर दूर स्थित खितरपाल मोड़ पर तेज रफ्तार मैं ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी सड़क हादसा हुआ जिसमें चार लोगों की मौके पर मोत हो गई धटना समय 9,10 बजे के करीब की बताई जारही है कि वीरपुर क्षेत्र से एक परिवार झारबडौदा भात मांगने जा रहा था। ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटते समय चीख पुकार सुनकर खितरपाल के ग्रामीणों ने व राहगीरों ने बचाव कार्य कर पुलिस को सूचना दी व घायलों को स्वास्थ केन्द्र लेकर आये तथा पुलिस भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ट्रैक्टर ट्रॉली में संख्या 28 थी धूधस ग्राम के गूजर समाज के लोग सवार होकर झारबड़ौदा भात मांगने जारहे थे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार युवक व महिला व बच्चे सहित सभी 24 लोग घायल हैं जिनका इलाज स्वास्थ्य केन्द विजयपुर मैं जारी है सूचना मिलते ही पूर्व विधायक बाबूलाल मेबरा भी स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर मैं पहुंचे घायलों का हाल जाना और सभी को यथा उचित मदद शासन से दिलाने का आश्वासन दिया तथा सूचना मिलते ही रामनिवास रावत व मंडल अध्यक्ष शिबम मुदगल भी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इसी बीच पूर्व कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत ने घायलों को 10-10 हजार रुपये राहत राशि दी गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

**श्योपुर, 17 अप्रैल।** महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-2 में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति नरेश टैगोर एवं परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-2 श्री पवनजीत सिंह अरोरा आदि सदस्य उपस्थित रहें। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है।

अनंतिम सूची के अनुसार आदिवासी बस्ती मकडावदा में सुनीता बैरवा को आंगनबाडी कार्यकर्ता पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार आदिवासी बस्ती वेहडावद में कृष्णा मीणा को आंगनबाडी सहायिका के पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नही होगी।

### आत्मरक्षार्थ जूडो कराटे व मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर, 17 अप्रैल।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्योपुर में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा संबंधी जूडो-कराते एवं मार्शल आर्ट का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आदिम जाति कल्याण विभाग से उपस्थित हुए मार्शल आर्ट ट्रेनर उदय सिंह राजावत ने छात्राओं को जूडो-कराते से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स पर ट्रिक सिखाए। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आत्मरक्षा संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. संगीता शाक्य ने छात्राओं को आगे बढ़ने तथा निडर व सशक्त बनकर समाज में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य डॉ.उर्मिला बाथम, डॉ. सीमा चौकसे, प्रो. ज्योत्सना मेघवाल, डॉ. मनु प्रताप सिंह भदौरिया तथा महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग श्योपुर (म.प्र.)
## मेला ग्राउन्ड के पास, पाली रोड श्योपुर (म.प्र.)

Web: - page: www.mppwd.gov.in    E-mail:- ecpwdsheopur@mp.nic.in

क्रमांक 792/टे.लि./2026-27    श्योपुर दिनांक 15/04/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु भवन कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 15/09/2022 एवं सड़क कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 25/03/2022 निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण कार्यालयीन सूचना पटल पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल कार्यालयीन पटल पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

| स. क्र. | एन. आई. टी नं. | कार्य का नाम | ठेके के अनुमानित राशि (लाख में) | ठेके की अमानत राशि | निविदा डॉक्यूमेंट की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | ग्राम सोठवां से गीता भवन परिसर के पास बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सोंठवा (विधायक निधि) उपसंभाग श्योपुर के अन्तर्गत | 8.45 | 16900.00 | 2000 | 03 माह | प्रथम आमंत्रण |
| | | | 8.45 | | | | |

1. कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का दिनांक : 15.04.2026 समय प्रात : 10:30 बजे। 2. कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक : 27.04.2026 समय प्रात : 6:00 बजे। 3. पंजीकृत डाक से निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक : 29.04.2026 समय सायं : 6:00 बजे तक। 4. निविदा खोलने का दिनांक :- 30.04.2026 समय प्रात : 11:00 बजे से।

**टीप ::-** 1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग श्योपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते है। उक्त राशि वापिस योग्य नही है। 2. निविदा की वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिवस तक होगी। 3. यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। 4. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए निम्मिलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है ::- 1. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत प्रमाणपत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति। 2. पैन कार्ड की प्रति। 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की प्रति। 4. स्टाम्प ड्यूटी राशि रु 200 एनेक्जर-एच, 6. एनेक्जर-बी

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग श्योपुर (म.प्र.)
(मो.न. 9981044395)

G-11662/26